Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 28 सितंबर, 2023

शहीद भगत सिंह जयंती

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने **शहीद भगत सिंह** को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

- **26 सितंबर, 1907** को पंजाब के जालंधर दोआब ज़िले में जन्मे भगत सिंह ने **भारत के स्वतंत्रता संग्राम** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **वह हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA)** के सदस्य थे, बाद में इसका नाम बदलकर **हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA)** कर दिया गया।
- उन्होंने **नौज़वान भारत सभा** नामक एक उग्रवादी युवा संगठन की शुरुआत की।
- **लाला लाजपत राय की मृत्यु** का बदला लेने की तलाश में, भगत सिंह और उनके साथियों ने गलती से पुलिस अधिकारी जॉन सॉन्डर्स की हत्या कर दी, जिसके कारण वे **लाहौर षडयंत्र** मामले में शामिल हो गए।
  - सॉन्डर्स की हत्या और **सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली में बमबारी** के विरोध में भगत सिंह को बाद में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया, उन्हें इसमें दोषी पाया गया और **23 मार्च, 1931** को फाँसी दे दी गई।
- उनके सम्मान में **प्रत्येक 23 मार्च को शहीद दिवस** मनाया जाता है।
- **उल्लेखनीय रचनाएँ:** "**मैं नास्तिक क्यों हूं: एक आत्मकथात्मक विमर्श (Why I Am an Atheist: An Autobiographical Discourse)**" और "**द जेल नोटबुक एंड अदर राइटिंग्स।**"

//

और पढ़ें... शहीद भगत सिंह जयंती

बोल्सन कछुआ

- जीवविज्ञानी उत्तरी अमेरिका के **बोल्सन कछुए (गोफेरस फ्लेवोमार्जिनेटस)** की रक्षा के लिये धीमे लेकिन दृढ़ प्रयास में लगे हुए हैं।
- बोल्सन कछुआ उत्तरी अमेरिका **की सबसे बड़ी और दुर्लभ कछुआ प्रजाति है।**
  - ये अपना लगभग **85% समय मिट्टी में बने बिलों में बिताते हैं।**
  - इनका निवास स्थान **अर्द्ध-शुष्क रेगिस्तानी जलवायु** है जिसमें सर्दियों का तापमान लगभग 2.8°C और गर्मियों का तापमान 36.3°C

होता है।

- **प्लास्ट्रॉन (कछुए का नीचे का भाग) का रंग पीला होने के साथ कैरपेस (ऊपरी भाग) गहरे पीले से लेकर गहरे भूरे रंग का होता है।**
- **संरक्षण की स्थिति:**
    - **[अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की लाल सूची](): सुभेद्य (Vulnerable)**
    - **[वन्यजीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES)]() : अनुसूची I**

और पढ़ें... [वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन का]()लिएंडर पेस, इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम में शामिल

इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए लिएंडर पेस

- हाल ही में **कई ग्रैंड स्लैम विजेता लिएंडर पेस** वर्ष 2024 में खिलाड़ी वर्ग में **इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम (ITHF)** के लिये नामित होने वाले **पहले एशियाई पुरुष खिलाड़ी** बने।
    - चीनी खिलाड़ी **ली ना, वर्ष 2019 में ITHF के लिये नामित होने वाली पहली एशियाई महिला खिलाड़ी** बनीं।
    - पूर्व भारतीय खिलाड़ी विजय अमृतराज को भी योगदानकर्ता श्रेणी में नामित किया गया था।
    - **लिएंडर पेस ने युगल और मिश्रित युगल पारी में 18 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।**
    - **इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम (ITHF),** टेनिस खेल को समर्पित एक प्रतिष्ठित संस्थान एवं संग्रहालय है। न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित यह संस्थान टेनिस के लिये ऑफिसियल हॉल ऑफ फेम के रूप में कार्य करता है। इसके द्वारा टेनिस में **उत्कृष्ट व्यक्तियों और संगठनों की उपलब्धियों एवं योगदान को प्रोत्साहन दिया जाता है।**

और पढ़ें.. [ग्रैंड स्लैम](), [लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स]()

पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'ट्रैवल फॉर लाइफ' लॉन्च

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने **विश्व पर्यटन दिवस 2023 (27 सितंबर)** पर **'ट्रैवल फॉर लाइफ' कार्यक्रम** का वैश्विक रूप से आयोजन किया। यह कार्यक्रम **[मिशन लाइफ]() का भाग** है, साथ ही इसका **उद्देश्य [सतत् पर्यटन]()** को बढ़ावा देना है।

- साझेदारों में **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC), [संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO)]()** तथा **[संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)]()** शामिल हैं।
- कार्यक्रम में दो कार्यक्षेत्र शामिल हैं: **स्वच्छता के लिये लाइफ फॉर लाइफ** और **ग्रामीण पर्यटन के लिये ट्रैवल फॉर लाइफ।**
- यह आर्थिक विकास, टिकाऊ शहरों, ज़िम्मेदार उपभोग, जलवायु कार्रवाई और जल जीवन से संबंधित **[सतत् विकास लक्ष्यों (SDG)]()** के अनुरूप है।

और पढ़ें... [भारत में पर्यटन](), [राष्ट्रीय पर्यटन दिवस]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-28-september-2023